बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक – प्र010 र0वि0अधि0 –08/2025– 1970 खाद्य, पटना/दिनांक-24/04/2026

प्रेषक,

विभूति रंजन चौधरी,
निदेशक–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी।

विषय :– रबी विपणन मौसम, 2026–27 में पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा राज्य के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु जिलावार लक्ष्य संशोधित कर पुर्ननिर्धारण के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक 1541, दिनांक 31.03.2026 एवं भारत सरकार का पत्रांक 7(3)/2025-Py.I (390062) दिनांक 23.04.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि रबी विपणन मौसम, 2026–27 में राज्य के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु प्रासंगिक विभागीय पत्र द्वारा जिलावार लक्ष्य निर्धारित कर सूचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के प्रासंगिक पत्र द्वारा राज्य सरकार के अनुरोध पर रबी विपणन मौसम, 2026–27 में बिहार राज्य के लिए गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु पूर्व निर्धारित लक्ष्य 18,000 (अठारह हजार) मे0टन को संशोधित कर 1,80,000 (एक लाख अस्सी हजार) मे0टन निर्धारित किया गया है, जिसमें 1,30,000 (एक लाख तीस हजार) मे0टन गेहूँ पैक्सों/व्यापार मंडलों के माध्यम से तथा 50,000 (पचास हजार) मे0टन गेहूँ भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से अधिप्राप्ति किया जाना है। तदालोक में कृषि विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त जिलावार अनुमानित उत्पादन ऑकड़ों के आधार पर पैक्सों/व्यापार मंडलों के माध्यम से जिलावार गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु पूर्व निर्धारित लक्ष्य को निम्नवत संशोधित किया जाता है :–

रबी विपणन मौसम 2026–27 में जिलावार अनुमानित उत्पादन के आधार पर गेहूँ का प्रस्तावित लक्ष्य			
क्रम	**जिले का नाम**	**कृषि विभाग द्वारा अनुमानित गेहूँ का उत्पादन(MT)**	**जिलेवार गेहूँ अधिप्राप्ति का लक्ष्य (MT)**
1	अररिया	82462.04	1229
2	अरवल	69492.58	1036
3	औरंगाबाद	302184.32	4505
4	बांका	184853.09	2756
5	बेगूसराय	275423.94	4106
6	भागलपुर	198022.17	2952
7	भोजपुर	380926.94	5679

8	बक्सर	405668.51	6048
9	दरभंगा	279294.41	4164
10	गया	297309.67	4432
11	गोपालगंज	293421.12	4374
12	जमुई	83764.20	1249
13	जहानाबाद	127075.10	1894
14	कैमूर	327341.92	4880
15	कटिहार	44949.73	670
16	खगड़िया	118000.35	1759
17	किशनगंज	12708.67	189
18	लखीसराय	152733.73	2277
19	मधेपुरा	127070.83	1894
20	मधुबनी	347076.10	5174
21	मुंगेर	121586.05	1813
22	मुज़फ्फरपुर	422819.80	6303
23	नालंदा	340510.95	5076
24	नवादा	217683.91	3245
25	पश्चिम चम्पारण	237765.57	3545
26	पटना	253392.81	3778
27	पूर्वी चम्पारण	437180.63	6517
28	पुर्णिया	46359.03	691
29	रोहतास	501081.93	7470
30	सहरसा	150519.95	2244
31	समस्तीपुर	297118.95	4429
32	सारण	362441.82	5404

33	शेखपुरा	69809.91	1041
34	शिवहर	79568.50	1186
35	सीतामढ़ी	259016.29	3861
36	सिवान	375195.28	5593
37	सुपौल	252145.40	3759
38	वैशाली	186349.62	2778
Total		**8720325.82**	**130000**
रबी विपणन मौसम, 2026–27 में भारतीय खाद्य निगम के लिए गेहूँ अधिप्राप्ति का संशोधित लक्ष्य			**50,000 मे0टन**

अतः रबी विपणन मौसम, 2026–27 में राज्य अधिप्राप्ति अभिकरण पैक्सों/व्यापार मंडलों के लिये निर्धारित 1,30,000 (एक लाख तीस हजार) मे0टन लक्ष्य के अनुरूप जिलावार गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु उपरोक्त निर्धारित लक्ष्य के आलोक में प्रखंडवार लक्ष्य का निर्धारण करते हुये गेहूँ अधिप्राप्ति करने की कृपा की जाय।

2. इस संबंध में पूर्व निर्गत विभागीय पत्र संख्या 1541 दिनांक 31.03.2026 इस हद तक संशोधित समझे जाए।

3. इसपर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

24/4/26

निदेशक–सह–विशेष सचिव

पत्रांक – प्र010 र0वि0अधि0 –08/2025– 1970 खाद्य, पटना/दिनांक–24/04/2026

प्रतिलिपि – सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/4/26

निदेशक–सह–विशेष सचिव

पत्रांक – प्र010 र0वि0अधि0 –08/2025– 1970 खाद्य, पटना/दिनांक–24/04/2026

प्रतिलिपि – प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पटना/निबंधक, सहयोग समितियॉ, बिहार, पटना/सभी जिला के प्रभारी सचिव/प्रमंडलीय आयुक्त/महाप्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, पटना/मुख्य महाप्रबंधक, अधिप्राप्ति/ महाप्रबंधक अधिप्राप्ति, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पटना/सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/4/26

निदेशक–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– प्र010/र0वि0अधि0–08/2025 1970 खाद्य, पटना/दिनांक–24/04/2026

प्रतिलिपि– सचिव, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

24/4/26

निदेशक–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– प्र010 / स0वि0अधि0–08 / 2025 1970 खाद्य, पटना / दिनांक– 24/04/2026

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग के आप्त सचिव / सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के वरीय प्रधान आप्त सचिव आई0 टी0 मैनेजर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/4/26

निदेशक–सह–विशेष सचिव

E:/sec 10/OSD Cell letter